प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला

13.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

नामांकन

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा क्षेत्रों में एक जून को होने वाले उपचुनाव के लिए नामाकंन दाखिल करने में अब दो दिन शेष रह गए हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 14 मई है। इस बीच सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने भी आज ही हमीरपुर में अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने भोरंज और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। अनुराग सिंह ठाकुर आज बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भी जन संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से अपने पक्ष में समर्थन जुटा रहे हैं। शिमला संसदीय क्षेत्र से आज भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप और कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने शिमला में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सुरेश कश्यप के साथ इस दौरान भाजपा के शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी श्रीकांत शर्मा, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज और राजीव सैजल मौजूद रहे। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मंत्री हर्षवर्धन चौहान व अनिरूद्ध सिंह मौजूद रहे। उधर लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र से आज डॉक्टर रामलाल मारकंडा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में केलंग में अपना नामाकंन पत्र दाखिल किया।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की विजय का जनादेश ऐतिहासिक होगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद यहां मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता का अटूट विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी पूंजी है। उन्होंने विश्वास जताया कि नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमीरपुर में फिर से कमल खिलेगा और मिशन 4 सौ पार में हिमाचल अपनी भूमिका सुनिश्चित करेगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया कि उन्हें चुनाव अभियान में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर भी राजनीतिक हमला बोला और कहा कि सुक्खू सरकार 15 महीने में अपनी

किसी भी चुनावी गारंटी को पूरा नहीं कर पाई है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि अब फिर से कांग्रेस झूठी गारंटियां देने निकल पड़ी है लेकिन देश और प्रदेश की जनता को सिर्फ मोदी की गारंटी पर विश्वास है क्योंकि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरा होने की गारंटी है। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल सहित बड़ी सख्ंया पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद

कांग्रेस रैली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस के 6 आयोग्य करार दिए गए विधायक धन–बल से बिक गए और उन्होनें पार्टी के खिलाफ बगावत की। मुख्यमंत्री ने आज शिमला के चौड़ा मैदान में पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा चुनाव सरकार या मुख्यमंत्री पद बचाने का नहीं बल्कि जन भावनाओं की खरीद फरोख्त करने वालों को सबक सिखाने का है।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने धन–बल के माध्यम से सरकार गिराने का षड़यंत्र रचा। उन्होंने कहा कि ये चुनाव प्रदेश की भविष्य की राजनीति तय करेगा। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि भाजपा ने कांग्रेस की एक राज्यसभा सीट चुराई है लेकिन प्रदेश की जनता अब लोकसभा की चारों सीटें कांग्रेस को देने जा रही है। उन्होंने इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप पर भी राजनीतिक हमला बोला और कहा कि उन्होंने संसद में आपदा को लेकर एक भी सवाल नहीं पूछा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी को जमीन से जुड़ा नेता करार दिया। रैली को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। पार्टी ने इस मौके पर रोड़ शो का भी आयोजन किया।

सम्मानित

पदम श्री और चुनाव आईकॉन विजय शर्मा ने लोगों से एक जून को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। आज चंबा में स्वीप के तहत आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा है कि कुछ लोग बिना किसी कारण के

अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते जो गलत है उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां सभी लोगों को अपना मनपसंद प्रत्याशी और सरकार चुनने का अधिकार है। इस मौके पर उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने विजय शर्मा को सम्मानित भी किया।

विशेष लोक अदालत

सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। विधिक सेवा प्राधिकरण के एक प्रवक्ता के अनुसार इस विशेष लोक अदालत में हिमाचल से संबंधित लम्बित मामलों की सुनवाई और उनका निपटारा किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मुकद्दमा सुप्रीम कोर्ट में विचारधीन है और वह इसका निपटारा विशेष लोक अदालत में करवाना चाहता है तो वह अपने वकील के माध्यम से इसे विशेष लोक अदालत में लगवा सकता है। प्रवक्ता ने कहा कि लोग इस विशेष लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने निजदीकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।